**खबर संक्षेप**

### जय बड़ी माई माता में कन्या भोजन एवं विशाल भंडारा किया गया



**नारायणगंज।** नारायणगंज के बालाजी पुल के पास धाबा वृक्ष के नीचे विराजमान मां बड़ी माई बैठकी के दिन से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार में आकर जल चढ़ाते हैं सुबह 5:00 बजे से लगातार भीड़ बढ़ती जाती है पूरे 9 दिन लोगों का की भीड़ रहती है जय बड़ी में सेवा समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें समस्त ग्रामवासी एवं आसपास के गांव के लोग प्रसाद के लिए आते हैं।

### मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से की नवीन आपराधिक कानूनों की मासिक समीक्षा

**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से नवीन आपराधिक कानूनों की मासिक समीक्षा की। उन्होंने जिलावार जानकारियाँ लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। नक्सल प्रभावित मंडला, बालाघाट तथा डिंडौरी जिले में मोबाईल टावर्स और कनेक्टिविटी के विषय में उन्होंने कहा कि इसकी रीच बढ़ाएं। सीमावर्ती क्षेत्रों में जहाँ मध्यप्रदेश से पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ की सीमा लगती है, वहां पर सुरक्षा कड़ी करें। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के दौरान स्पेशल डीजी एंटी नक्सल ऑपरेशन पंकज श्रीवास्तव, आईजी बालाघाट संजय कुमार सिंह, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट उपस्थित रहे।

**श्रीराम नवमीं पर की गई थी राम दरबार की स्थापना**

# भव्यता के साथ मनाया जन्मोत्सव

*** संगीत संध्या का हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नवरात्रि की अष्टमी पर राम दरबार की स्थापना लालीपुर में की गई। यहां श्रीराम नवमीं सेवा समिति लालीपुर के द्वारा श्रीराम संकीर्तन रामनवमी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामनवमी में विशेष आयोजन हुए। यहां भव्य राम दरबार बनाया गया जिसमें भगवान राम, लक्ष्मण सीता एवं हनुमान जी की प्रतिमा विधि विधान से स्थापित की गई। वहीं श्रीराम संकीर्तन के पूर्व भगवान राम की महाआरती की गई और रात्रि 12 बजे भगवान श्रीराम का भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं



नमामि म्यूजिकल ग्रुप के संचालक नितिन नंदा के साथ जस सम्राट रुद्रकांत ठाकुर, देवी गीत गायिका शिवानी ब्रम्हे एवं उनकी टीम के द्वारा विशेष प्रस्तुति के साथ झांकी की भी प्रस्तुति दी गई। साथ ही रात्रि 12 बजे श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य मे विशेष इलेट्रॉनिक आतिशबाजी फायरवर्क्स शो की प्रस्तुति शान इवेंट्स के द्वारा दी गई। वहीं एसव्हीआई साउंड एवं आशीष लाईट्स के द्वारा साउंड एवं लाईट्स का प्रदर्शन दिखाया गया। प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर श्रीराम नवमी सेवा समिति लालीपुर ने संध्याकालीन भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया। समिति के सदस्यों ने कहा कि रामावतार को लाखों वर्ष हो गये लेकिन श्रीरामजी अभी भी जनमानस के हृदय-पटल से विलुप्त नहीं हुए। क्यों ? क्योंकि श्रीरामजी का आदर्श जीवन, उनका आदर्श चरित्र हर मनुष्य के लिए अनुकरणीय है। श्री रामचरितमानस में वर्णित यह आदर्श चरित्र विश्वसाहित्य में मिलना दुर्लभ है एक आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श पिता, आदर्श शिष्य, आदर्श योद्धा और आदर्श राजा के रूप में यदि किसी का नाम लेना हो तो भगवान श्रीरामजी का ही नाम सबकी जुबान पर आता है। इसीलिए राम-राज्य की महिमा आज लाखों-लाखों वर्षों के बाद भी गायी जाती है। भगवान श्रीरामजी के सद्गुण ऐसे तो विलक्षण थे कि पृथ्वी के प्रत्येक धर्म, सम्प्रदाय और जाति के लोग उन सद्गुणों को अपनाकर लाभान्वित हो सकते हैं श्रीरामजी सारगर्भित बोलते थे। राम-राज्य का वर्णन करते हुए श्री रामचरितमानस में आता है बरनाश्रम निज निज धरम निरत बेद पथ लोग। चलहिं सदा पावहिं सुखहि नहिं भय सोक न रोग राम-राज्य में सब लोग अपने-अपने वर्ण और आश्रम के अनुकूल धर्म में तत्पर हुए सदा वेद-मार्ग पर चलते हैं और सुख पाते हैं । उन्हें न किसी बात का भय है, न शोक और न कोई रोग ही सताता है राम-राज्य में किसी को आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक ताप नहीं व्यापते। सब मनुष्य परस्पर प्रेम करते हैं और वेदों में बतायी हुई नीति (मर्यादा) में तत्पर रहकर अपने-अपने धर्म का पालन करते हैं। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक समाजसेवी के साथ बस स्टैंड, लालीपुर, बिंझिया के स्थानीय नागरिक देर रात तक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस आयोजन की जमकर प्रशंसा की जा रही है।



# मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्थित करें : कलेक्टर




*** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्थित करें। चिलमन चौक और तहसील चौराहा पर अनावश्यक जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देशित किया कि नगरपालिका कॉप्लेक्स में दोनों ओर वाहन पार्किंग के लिए मार्किंग कराई गई है, निर्धारित मार्किंग के बाहर खड़े वाहनों को जप्त करें और नियमानुसार चालानी कार्यवाही करें। शहर में यात्री बसें यहाँ-वहाँ अनावश्यक रूप से खड़ी की जाती हैं, जिससे भी यातायात बाधित होता है, इसके लिए मंडला से जबलपुर, मंडला से सिवनी तथा मंडला से बिछिया-डिंडौरी की ओर आवश्यकतानुसार एक या दो अस्थाई स्टॉप तय करें, जिससे यात्री बसें निर्धारित स्थानों पर ही खड़ी हों। अन्यत्र खड़ी होने वाली बसों पर चालानी कार्यवाही करें। शहरी क्षेत्र में सड़कों पर खड़े खटारा वाहन जो लम्बे समय से सड़कों पर पार्क हैं उन्हें जप्त कर निलामी की कार्यवाही कराएं। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व, नगरपालिका एवं पुलिस की टीमें रोस्टर के आधार पर शहर का औचक भ्रमण करें एवं यातायात को व्यवस्थित कराएं। स्कूल बसों के विषय में जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी स्कूल बसों की फिटनेस चैक कराएं। बसों में कैमरा एवं जीपीएस आदि के लिए भी स्कूल प्रबंधन को निर्देशित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, जिला परिवहन अधिकारी श्री विमलेश कुमार गुप्ता, सीएमओ नगरपालिका श्री गजानंद नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### होमगार्ड के जवानों को सेवानिवृत्ति पर किया गया सम्मानित......................

**मण्डला।** मंडला होमगार्ड में लांसनायक के पद पर सेवाएं देते हुए अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर लांसनायक श्री भूरासिंह सोयाम एवं श्री संतराम चौधरी को सेवानिवृत्ति दी गई। दोनों जवानों को सेवानिवृत्ति पर शाल तथा श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें दीर्घ और निरोगी जीवन की शुभकामनाएँ दी।

# 7 अप्रैल को मनाया गया विश्वास स्वास्थ्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरी एवं पड़रिया के पंचायत कार्यालय में विश्व दिवस मनाया गया जिसम बताया गया कि महिला और पुरुष को उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल की आवश्यकता होती है जो जन्म के पहले और बाद में शारीरिक और भावनात्मक रूप से उनके समर्थन करती है मातृ और नवजात स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कई स्वास्थ्य मुद्दों के प्रावधान के लिए स्वास्थ्य प्राणी विकसित होना चाहिए महिलाओं को पोस्टिक आहार और पर्याप्त सेवाएं देखभाल



सुनिश्चित करना माता और उनके बच्चों के अस्तित्व को कल्याण के लिए मौलिक है विश्वा दिवस हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाता है ताकि लोगों के बीच स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता में सुधार किया जा सके स्वास्थ्य संबंधी कार्य किया जा सके ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का विशेष विषय है स्वास्थ्य शुरुआत आशा जनक भविष्य यह मंत्र और नवजात स्वास्थ्य पर एक साल तक चलने वाली अभियान की शुरुआत करेगा एवं सरकारी और स्वास्थ्य समुदाय में आग्रह किया जाएगा कि मातृ और शिशु मृत्यु दर को समाप्त करने और महिलाओं को दीर्घकालीन स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए प्रयास तेज करें इस संबंध में 7 अप्रैल 2025 को प्रदेश की इस ग्राम पंचायत में एक विशेष बल सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें 10 से 18 वर्ष की आयु के बाल बालिका सहभागिता करेंगे इस कार्यक्रम में किशोर किशोरिया एवं महिलाओं और परिवार के उचित पोषण खान-पान के संबंध में जानकारी दी जाएगी पोषण और स्वास्थ्य संबंधी परस्पर पारंपरिक को प्रथम की रोकथाम पर जागरूकता एवं समाज विकास करने के लिए प्रयास किए जाएंगे इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पड़रिया एवं फेरी के सरपंच श्रीमती शांति परस्ते सचिव अनिल शर्मा मोबिलाइज दुर्गेश उईके पड़रिया पंचायत के सरपंच राजकुमार तेकाम सचिव हरदयाल मारावी रोजगार सहायक जागेश यादव मैली पंचायत के सरपंच विनोद प्रधान एवं सचिव अनिल शर्मा एवं समस्त ग्राम पंचायत की महिला पुरुष एवं बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### पार्टी और समाज में सेवा भाव से समर्पित व्यक्तित्व के धनी रहे अजीत जैन



**मण्डला।** संसार में आना-जाना तो लगा रहता है लेकिन कुछ विभूतियां ऐसी होती हैं जो सदैव मन मस्तिष्क में अपना स्थान बना लेती है ऐसे ही परिवार समाज और पार्टी के अंदर अपनी अमिट छाप छोड़ कर इस संसार से असमय हृदयाघात हो जाने से अजीत जैन 'अज्जू भैया' 5 अप्रैल 2025 को निधन हो गया। आज दिनांक 07.04.2025 मण्डला जैन समाज द्वारा आयोजित शोक सभा में समस्त जैन समाज के पुरुष महिला उपस्थित रहे सभी ने भरे मन से पुष्पांजलि अर्पित कर उनके साथ बिताये पल और बातों को अपने-अपने विचार व्यक्त किये। शोक सभा स्थल पर मण्डला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, श्रीमती संपतिया उइके कैबिनेट मंत्री म.प्र. शासन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पारस असरानी, शशि पटेल, अनीता तिवारी, शिवा रानू राजपूत, मालती मरावी, मंजू कछवाहा दिनेश चौधरी, आनंद जैन, विकास यादव, वेद प्रकाश दुबे एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित की। श्रीमती संपतिया उइके ने अजीत जैन के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि उनके निधन से परिवार एवं समाज की ही नहीं अपितु जिला भाजपा पार्टी में अपना एक होनहार कार्यकर्ता भी खोया है वह हर समय पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते थे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि अजीत जैन भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में एक रहे हैं। पार्टी के हर कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति सराहनीय रही है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं उनके परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**आयोजन** | **भुआबिछिया में रामनवमीं पर हुये विविध आयोजन**

# विशाल शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत

*** राम मंदिर समिति ने किया आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

नगर में राममंदिर समिति द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि पर रामनवमी को राम जन्मोत्सव का पर्व सम्पूर्ण हर्ष उल्लास से मनाया गया इस अवसर पर प्रातः काल से राममंदिर में भजन पूजन हवन शुरू किया गया और राममंदिर के आचार्य पंडित दिलीप गर्ग के मंत्रोपचार यजमान समिति अध्यक्ष रत्नेश यादव ने पूजन कि वही समिति के पदाधिकारियों ने





हवन कर पूर्ण आहुति देते हुए भगवान राम की महाआरती की गई वहीं शाम को भारी बैंड बजे ढोल बाजे गाजे के साथ रथ पर राम दरबार की मनमोहक झांकी तैयार कर हनुमान जी राम लक्ष्मण सीता सहित मनमोहक झांकी तैयार कर पूरे नगर में आतिशबाजी बैंड बाजे ढोल नगाड़ों के साथ विशाल शोभा यात्रा निकली गई जिसका पूरे नगर में पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया शोभा यात्रा राम मंदिर दानीटोला चौक से होते हुए सीधे साईं मंदिर राजराजेश्वरी मंदिर तक पहुंची और वापस राम मंदिर में आकर शोभा यात्रा का समापन किया गया समापन के साथ ही अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए वही विशाल प्रसादी वितरण किया गया इस अवसर पर नगर के प्रबुद्ध सामाजिक धार्मिक और श्रद्धालु जनों ने जमकर हिस्सा लिया राम मंदिर में देर रात तक दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही जहां हर व्यक्ति दर्शन कर प्रसाद के लिए अपने आप को धन्य समझा इस कार्यक्रम में राजनीतिक सामाजिक सभी लोगों ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

### हनुमान जयंती पर होगा भव्य आयोजन

समिति अध्यक्ष रत्नेश यादव ने बताया कि रामनवमी के बाद 12 अप्रेल हनुमान जयंती पर मंदिर में विशाल रामधुन के साथ विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है जिसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

### नगर हुआ भगवा मय

चैत्र प्रतिपदा से पूरे नगर को रामनवमी और हनुमान जयंती पर्व को देखते हुए भगवा मय कर दिया गया पूरे गली चौराहे नगर मुख्य मार्ग घर-घर में भागवा ध्वज पहराई गई जो लगातार हनुमान जयंती तक लहराती रहेगी

# भाजपा स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यालय मंडला में भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय मंडला में भाजपा की 'विकास गाथा प्रदर्शनी' का भव्य आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मान. सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री मप्र. शासन श्रीमती संपतिया उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने फीता काटकर किया। यह प्रदर्शनी पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा उपलब्धियों और



जनसेवा कार्यों को दर्शाती है। प्रदर्शनी में पोस्टर बैनर के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्रदर्शित की गयी और भाजपा के पितृ पुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।



सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल पार्टी के इतिहास को जानने का अवसर देती है, बल्कि यह नई पीढ़ी को प्रेरण्णा भी प्रदान करती है। भाजपा सदैव राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करती आ रही है और करती रहेगी।

प्रदर्शनी का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को भाजपा की विचारधारा और विकास कार्यों से अवगत कराना है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

**खबर संक्षेप**

## जल संरक्षण के महत्व को लेकर दीवार लेखन के माध्यम से किया जा रहा जागरूक



सांईखेड़ा। प्राणी के जीवन में जल कितना उपयोगी होता है इस बात का अंदाजा पानी की कमी होते हुये लगने लगता है। मगर इसके बाद भी देखा जाता है कि लोगों द्वारा जल के महत्व को नजर अंदाज करते हुये उसकी बर्बादी करने से नही चूक रहे है। इसी के चलते जल संरक्षण को लेकर आये दिन मुहिमें चलते हुये देखी जाती है। इसी प्रकार से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लोगों में जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा जिले में जल संरक्षण के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं जो 30 जून तक किया जायेगा। इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद द्वारा विकास खंड सांईखेड़ा की नवांकुर संस्था व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा बीते हुये दिवस ग्राम बिछुआ द्वारा दीवार स्लोगन लेखन का कार्य किया गया। ग्रामीणों को जल के महत्व व उसके समुचित उपयोग के साथ जल संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महेश कीर, सचिव बहादुर सिंह केवट, अरविंद कीर, रानू चडार सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## जिला दंड अधिकारी के आदेश की अव्हेलना करने पर मामला दर्ज

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नीरज पिता प्रकाशचंद सोनी निवासी गणेश मंदिर के पास के खिलाफ जिला दंड अधिकारी के आदेश की अव्हेलना किये जान पर पुलिस द्वारा म् प्र. सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला कायम किया गया है। इस संबंध में बताया गया है कि जिला दण्डाधिकारी के आदेश क्रमांक 3124/प्र.क्ले./118/2023 दिनांक 16 अप्रैल 2024 के माध्यम से आरोपी नीरज पिता प्रकाशचंद सोनी उम्र 35 साल निवासी गणेश मंदिर के पास राधा बल्लभ वार्ड के विरूध्द विचाराधीन जिला बदर प्रकरण में अनावेदक की आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए नीरज सोनी के विरूध्द म. प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 के तहत निर्बंधन आदेश पारित किया गया था। आरोपी को आदेश प्राप्त होने के पश्चात आगामी 06 माह तक प्रति माह दिनांक 01 एवं 15 तारीख को थाना गाडरवारा उपस्थित आकर उपस्थिति दर्ज कराने हेतु आदेशित किया गया था तथा उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदक के विरूध्द धारा 14 म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया था। इस तरह आरोपी नीरज सोनी दिनांक 01/09/24 के बाद से थाना गाडरवारा हाजिरी हेतु उपस्थित नही आया है। इसी के चलते पुलिस द्वारा नीरज सोनी का उक्त कृत्य म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 का उल्लंघन करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

## बैकों द्वारा स्थापित किये एटीएमों में लगा गंदगी का अम्बार

गाडरवारा। बैकों द्वारा अपने ग्राहकों को अपने खातों के लेनदेन को लेकर सभी प्रकार की सुविधाये उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर जब उपभोक्ता बैक शाखाओं में पहुंचते है तो वहां पर अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का रवैया इस तरह से देखने मिलता है कि बैक उपभोक्ता इन अधिकारियों का गुलाम बना हुआ हो..? वही दूसरी ओर बैकों द्वारा उपभोक्ताओं को राशि निकालने के लिए एटीएमों की स्थापना जरूरी की गई है। मगर उन एटीएमों को साफ सफाई के प्रबंध नही किये जाने के चलते गंदगी का अम्बार लगा हुआ देखा जाना आम बात बन चुकी है। इस बात की सच्चाई इस समय नगर के शासकीय चिकित्सालय मार्ग पर स्थित बैंक आफ इंडिया के बाजू में स्थत एटीएम केन्द्र पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि यहां पर सुचारू रूप से सफाई नही होने के चलते जहां एटीएम के अंदर गंदगी का आलम देखाई दे रहा है तो इस सच्चाई को लेकर जब उपभोक्ताओं द्वारा बैक अधिकारियों से शिकायत की जाती है तो उनका इस तरह गैर जम्मैदाराना जबाब हम सफाई नही हो रही है तो मैं क्या करू...? निश्चित तौर से बैक की शाख पर बट्टा लगाने से नही चूक रहा है? इतना ही नही इस तरह आमजन के लिये आने जाने वाला यह प्रमुख स्थल सार्वजनिक स्थल के श्रेणी में आने के बाद भी यहां पर गदंगी का अम्बार भारत सरकार के स्वच्छता अभियान पर भी ग्रहण लगाने से नही चूक रही है।

# कांग्रेस का पुतला दहन हुआ असफल, आग लगते ही पुलिस ने करा दी पानी की बौछार, बोखलाये कांग्रेसियो ने रास्ते पर बैठकर किया विरोध









हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

सोमवार को ब्लाक व नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार को आरोप लगाने के साथ साथ परिवहन विभाग में हुये घोटाले के आरोपी आरक्षक सौरभ शर्मा सहित अन्य लोगों को जमानत मिल जाने पर कांग्रेसियों का आरोप है कि प्रदेश सरकार आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। इस प्रकार से भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त रहने वालों के खिलाफ प्रशासन को सख्त कार्यवाही करने में अपने प्रभाव से मामले को हल्का कराते हुये आरोपियों को जमानत के अवसर प्रदान कर रही है। इसी बात को लेकर कांग्रेस द्वारा सोमवार को शाम 6 बजे नगर की पानी टंकी के पास प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन करने का एलान किया गया था। मगर देखा गया कि पुतला दहन के लिये जो समय निर्धारित किया गया था उसके पहले भी पानी टंकी क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात हो गया था। इस तरह गाडरवारा सहित समीपस्थ चीचली व सांईखेड़ा के आलवा अन्य थानों से बुलाया गया पुलिस बल जहां कांग्रेसियों की हर गतिविधि पर नजर रखे हुये था। यहां का दृश्य इस तरह बना हुआ था कि पौने 6 बजे तक जहां कांग्रेस के इक्कादुक्का नेता ही पहुंच पाये थें और पुलिस अधिकारी भारी मात्रा में मौजूद थें। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जिनेश जैन खुद ही मौके पर पौने 6 बजे के बाद पहुंचने से ऐसा प्रतीत होने से नही चूक रहा था कि मानों व पुतला दहन का औपचारिकता निभाने के लिये ही मौजूद हुये हो..? इस तरह पुतला दहन के लिये निर्धारित किये गये शाम 6 बजे पुलिस द्वारा पानी टंकी क्षेत्र को पूर्णरूप से पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था और हर मार्ग पर अपनी पैनी नजर बनाये होने के चलते कांग्रेस मौके पर पुतला लाने में असफल दिखाई दे रही थी। इस प्रकार से 6 बजकर 24 मिनिट पर एक कुलिया से युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता पुतला में आग लगाते हुये लेकर जब निर्धारित स्थल पर पहुंचने का प्रयास कर रहे थें और पुलिस द्वारा नगर पालिका से बुलाई गई फायर विग्रेड मशीन से पानी की बौछार कराये जाने के कारण पुतला पूर्णरूप से जलने के पहले ही बुझ गया और मौके पर मौजूद भारी पुलिस द्वारा उस पुतले को जप्त कर दिया गया। इस प्रकार से कांग्रेस प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला पूर्णरूप से जलाने में असफल रहने के चलते व पुलिस द्वारा की गई पानी बौछार को लेकर गुस्सा में आकर चंद मिनिटों के लिये मुख्य मार्ग पर बैठकर अपना विरोध दर्ज कराने के बाद तहसीलदार प्रियंका नेताम को ज्ञापन सौपा गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सांईखेड़ा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, मुकेश गुप्ता, नगर कांग्रेस कमेटी से जिनेश जैन, अनिल साहू, अभिनव ढिमोले, बलबंत कौरव, चीचली ब्लाक कांग्रेस कमेटी के छोटे राजा, सहित युवक कांग्रेस कमेटी के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थें। वही इस प्रकार कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित किये गये इस पुतला दहन के आयोजन में निर्धारित समय के चंद मिनिट पहले ही पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों का पहुंचना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? वही दूसरी भारी पुलिस बल की मौजूदगी रहने के चलते कांग्रेस पूर्णरूप से पुतला दहन करने में असफल रहने के चलते कांग्रेसियो ने मौजूद शासन प्रशासन के लोगों पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुये देखा गया। कांग्रेस के पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर जब पुलिस से चर्चा की गई तो पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ब्लाक कांग्रेस व नगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन शाम 6 बजे पानी टंकी के पास निर्धारित किया गया था। इस तरह हमारी पूरी टीम पहले से ही मौके पर मौजूद थी। मगर इनके द्वारा 6 बजे से लेकर लगभग आधा घंटे तक किसी तरह पुतला दहन नही किया गया। निर्धारित समय के आधे घंटे के बाद यह लोग पुतला दहन करने का प्रयास कर ही रहे थें और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पुतला को छीनकर जप्त कर लिया गया। इस तरह कांग्रेस पुतला दहन करने में असफल रही है।

# भगवान श्रीकृष्ण व रूकमणी के विवाह की कथा सुनने में मग्न मुग्ध हुये सूखाखैरीवासी, प्रभु की कृपा के लिये भक्ति की आवश्यकता होती है - शास्त्री







हरिभूमि न्यूज/बारहबड़ा।

समीपस्थ ग्राम सूखाखैरी सोनी परिवार द्वारा कराये जा रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यत्र में जहां प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर क्षेत्र अनेक लोगों ने कथा में शामिल होकर व्यास गाधी का पूजन अर्चन करते हुये भगवान श्रीकृष्ण व रूकमणी के विवाह की कथा सुनते हुये पुण्य लाभ अर्जित किया। वही कथा वाचक पं. वीरेन्द्र शास्त्री द्वारा कथा के छटवें दिवस श्रोताओं को श्रीमद् भगवात कथा भगवान श्रीकृष्ण व देवी रूकमणी के विवाह का अपने मुखर बिंद से निकली दिव्य वाणी से वर्णन सुनाया गया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत कर विवाह के मंगल गीत गाकर नृत्य किया। इस दौरान महाराज जी ने श्रद्धालुओं को कथा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय कर लिया था। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहिन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। मगर देवी रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेश वाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब भगवान श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंत वक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। इस दौरान कथा वाचक वीरेन्द्र शास्त्री जी ने कहा कि प्रभु की कृपा के लिए भक्ति की आवश्यकता है। महाराज जी ने बताया कि ग्वाल कृष्ण ने अपने मामा का नहीं बल्कि उसके अहंकार का वध किया। द्वावपर युग में जब कंस का अत्याचार बढ़ा तब भगवान विष्णु ने मनुष्य रूप में श्रीकृष्ण का जन्म लेकर बड़े-बड़े राक्षसों का वध करने के बाद अंत में पापी कंस का वध कर लोगों को उसके अत्याचारों से छुटकारा दिलाया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने मथुरा नरेश के रूप में विराजमान होने के साथ देवी रूकमणी से धूमधाम से विवाह किया। कथा के छटवे दिवस जब मंच पर जैसे ही श्रीकृष्ण-रूकमणी का प्रार्दूभाव हुआ। श्रीहरि के जयघोष से पूरा पांडाल गूंज उठा। कथा वाचक पंडित वीरेन्द्र शास्त्री द्वारा उद्घोषित मंत्रोचार के बीच जैसे ही विवाह का कार्य संपन्न हुआ तो श्रद्धालुओं की भीड़ ने पुष्प वर्षा की गई वही पंडाल में सारा जनमानस भाव विभोर होकर झूम उठा। इस दौरान सुदामा चरित्र कथा का वर्णन करते हुए कथा वाचक महाराज जी ने कहा कि कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां है। यही कारण है कि आज भी सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से सुदामा सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में क्या खासियत है कि, भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे। कृष्ण-सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

## शादी में दिये व्यवहार की बात को लेकर भाभी ने ननंद के साथ की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लोग छोटी छोटी बातों को लेकर मारपीट करने पर उतारू हो जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम अमाड़ा में देखने मिली है जहां पर किसी समारोह में बिहार की बात को लेकर भाभी ने अपनी ननंद सहित अन्य के साथ मारपीट कर चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मारेगांव निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं व मेरा पति मंशाराम अहिरवार एवं जीजा राजश्री अहिरवार तथा छोटी बहन के पति




जीवनलाल अहिरवार के साथ अपने मायके माता पिता के घर ग्राम अमाडा गये हुये थें। उसी दौश्रान रात्री के समय जब प्रार्थिया अपने पिता के के सामने खडी थी तभी प्रार्थिया की भाभी व भाई बाल बिहारी अहिरवार दोनो आये और शादी में व्यवहार की बात को लेकर आरोपी भाभी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये प्रार्थिया के साथ स्टील का गघरा मारते हुये चोटे पहुंचाई तथा वही बाल बिहारी अहिरवार द्वारा लोहे की राड से मारपीट कर चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी भाई सहित भाभी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।



## जवारा विसर्जन का भव्य जुलूस, भक्ति में डूबे पंडाओं के गालों में आरपार नजर आये त्रिशूल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

निश्चित तौर से माता रानी की शक्ति के आगे सब कुछ फीका पढ़ जाता है। इस बात की सच्चाई बीते हुये 9 दिनों के दौरान माता रानी की आराधना मे डूबे हुये भक्तों में देखने मिली जहां अपन अनेक महिला पुरूष पूर्णरूप से निर्जना ब्रत धारण करते हुये माँ अम्बे की आराधना में लीन दिखाई पड़ तो दूसरी ओर जब नगर के पलोटन गंज व कौड़िया रोड विजयसन माता मंदिर के आलव गांव गांव खेरापति माता मंदिर पर स्थापित हुये सैकड़ो की संख्या कलश जबारों के विसर्जन जुलूस निकले तो सोमवार को नगर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले गांव के लोग भक्ति में डूब डूबने से नही चूक पा रहे थें। ज्ञात हो कि शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षो से जवारे स्थापित होते चले आ रहे है। इस तरह जवारों के विसर्जन जुलूस ने भरे गांव को देवी मा की आरधना में लीन होने के लिये



मजबूर कर दिया गया था। नवरात्रि के 9 दिनों तक भले भक्ति, आस्था और उमंग के पावन पर्व पर विशेष पूजन अर्चन कर शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जवारों का विसर्जन जुलूस यानि की विशाल शोभा यात्रा सोमवार को निकाली गई। इस तरह ग्राम की रक्षक माने जाने वाली खैरापति मंदिर पर सार्वजनिक तौर से स्थापित किये गये घट कलश व जवारों के विसर्जन के लिये माँ के दरबार से एक विशाल शुभायात्राये निकलते हुये देखी गई और अनेक श्रद्धालुओं ने माँ भगवती का पूजन अर्चन करने के बाद यह शोभायात्रा आगे की रवाना होते हुये मातारानी की आराधना में रखे जवारे कलश की उत्साह के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान देखा गया कि खेरापति माता मंदिर के पंडाओं ने बाने पहनकर मनोरम नृत्य किया गया। इस नव यवकों द्वारा जगह जगह ठंडे पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं से भक्तों का स्वागत किया गया। वही इस विसर्जन जुलूस में शामिल महिलाये जहां अपने सिरों पर जवारे कलश रखे हुये मातारानी का भाव आने के कारण इस तरह चल रही थी की माना मातारानी के मंदिर पहुंचाने वाले मार्गो पर अपने भक्तों को आर्शीवाद प्रदान करने के लिये आ पहुंची है। वही दूसरी ओर अनेक पंडा अपने कालों में त्रिशूल को आरपार करते हुये अनेक प्रकार से नृत्य करते हुये भक्तों का आर्शीवाद प्रदान करते हुये देखे जा रहे थें। नगर के खेरापति मंदिर को लेकर बताया जाता है कि यहां पर साल भर भक्तों का आना जाना लगा रहता है। क्योंकि जो भी भक्त अपनी कामना लेकर आता है तो खाली हाथ नही लोटता है।

# सत्ताधारी पार्टी के पार्षद पुत्र द्वारा किया गया कृत्य पुलिस की नजर में मात्र पुलिस हस्तक्षेप - अयोग्य...?

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।

अक्सर समाचारों से लेकर अखबारों में पढ़ा जाता है कि जब किसी सत्ताधारी नेता हो या फिर उसके परिजन यदि कोई व्यक्ति उनकी ओर अपनी आंख उठाकर भी देखता है या फिर मात्र फोन पर ही सख्त शब्दों का उपयोग कर लिया जाता है तो पुलिस द्वारा उसके खिलाफ अनेक धाराओं के तहत इस तरह मामला दर्ज करते हुये जेल भेज दिया जाता है जिसके चलते उसे बाहर आने में महिनों लग जाते है..? मगर यदि सत्ताधारी पार्टी से जुडे हुये किसी प्रतिनिधि के परिजन किसी गरीब के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट तक कर देते है तो पुलिस की नजर में यह मामला मात्र पुलिस हस्तक्षेत्र-अयोग्य रह जाता है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ केसला रोड पर उस समय देखने मिली जब रास्ता सकरा होने के चलते साईड नही दिये जाने पर सत्ताधारी पार्टी के पार्षद पुत्र द्वारा ट्रेक्टर चालक के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर डाली। मगर सालीचौका चौकी पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने की जगह मात्र पुलिस हस्तक्षेप- अयोग्य की औपचारिकता पूर्ण करते हुये धारा 174 बीएनएसएस के तहत थमाया गया पर्चा चर्चा का विषय बनने के साथ साथ पुलिस की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..? घटना के संबंध में पीड़ित मनोज पिता मंशाराम लोधी 36 साल निवासी सहावन द्वारा अपनी जानकारी में बताया है कि वह बीते हुये बीते हुये रविवार को दोहपर 1.30 बजे ट्रेक्टर लेकर केसला रोड से कही जा रहा था। उसी दौरान पीछे से ग्राम केसला निवासी विजय पिता संतोष अग्रवाल जो पार्षद पुत्र है वह अपनी चार पहिया गाड़ी लेकर आया और आगे निकलने के लिये अपनी गाड़ी का हार्न बजाया गया। मगर रास्ता सकरा होने के चलते साईड नही दिया और जैसे ही रास्ता चौडा मिला तो साईड दे दिया गया। मनोज लोधी का आरोप है कि सत्ताधारी पार्टी के पार्षद पुत्र द्वारा अपनी गाड़ी को आगे निकलने के बाद रास्ते रोकते हुये गंदी गंदी गालिया देने के साथ गाल पर चांटे मारे गये। इस तरह ट्रेक्टर चालक के साथ सत्ताधारी पार्टी के पार्षद पुत्र द्वारा किये गये कृत्य की शिकायत करने के लिये जब प्रार्थी सालीचौका पुलिस चौकी पहुंचा तो पुलिस द्वारा



आरोपी के खिलाफ मामला कायम करने के जगह प्रार्थी को पुलिस हस्तक्षेप- अयोग्य मामला होने के चलते सक्षम न्यायालय जाने पत्र दे दिया गया। जबकि पुलिस हस्तक्षेप-अयोग्य सूचना के आधार पर दर्ज की गई शिकायत में पुलिस द्वारा प्रार्थी के बताये अनुसार खुद ही इस बात का उल्लेख किया गया है कि आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये गाल पर चांटे मारे गये। यह बात अलग है कि प्रार्थी द्वारा मुलाहजा कराने से इंकार किये जाने की बात कही गई है..? इस संबंध में शिकायत कर्ता का कहना है कि किसी तरह से गंभीर चोट नही होने तथा दहशत के चलते मुलाहजा नही कराया गया था..? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि प्रार्थी द्वारा अपना मुलाहजा नही कराये जाने के कारण क्या इस तरह खुलेआम गरीब को गंदी गंदी गालिया देते हुये उसके गाल पर चांटे मारने वाले का कृत्य पुलिस की नजर में अपराध नही होता है..., या फिर सत्ताधारी पार्टी से जुडे होने के चलते इस तरह गाली गुप्ता करते हुये किसी के एक दो चांटे मारने की विशेष छूट का ऑफर प्रदान किया गया है..? खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान व सालीचौका पुलिस ही जाने..। मगर लोगों का कहना है कि अनेको बार सुना जाता है कि जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को फोन भी गंदी गंदी गालिया देता है तो पुलिस द्वारा उसके खिलाफ मामला कायम करते हुये कार्यवाही करती है। मगर यहां पर तो पीड़ित द्वारा खुद ही पुलिस चौकी में मौजूद होकर अपने साथ हुई गंदी गंदी गालिया देने के साथ गाल पर चांटे मारने की शिकायत किये जाने के बाद भी पुलिस इस घटना को पुलिस हस्तक्षेप- अयोग्य मानते हुये इस तरह सत्ताधारी पार्टी से जुडे हुये लोगों को संरक्षण की मृद्रा में दिखाई देने से नही चूक रही है..?

## खबर संक्षेप

### बिजुरी के भवनिया तालाब तथा देवी तालाब की श्रमदान से की गई साफ सफाई



**अनूपपुर।** राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर हर्षल पंचोली व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सामूहिक जन सहभागिता से श्रमदान गतिविधि के माध्यम से विभिन्न तालाबों, नदियों तथा जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार, साफ सफाई, गहरीकरण, मरम्मतीकरण तथा गाद निकालने का कार्य किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरपालिका बिजुरी के वार्ड नं. 15 में भवनिया तालाब में तथा वार्ड नं. 10 में देवी तालाब में व उसके आसपास के परिसर की नागरिकों ने श्रमदान के माध्यम से साफ सफाई की।

### अपहृता नाबालिक को किया दस्तयाब, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**कोतमा।** 16 नवम्बर 2024 को बदला नाम कामिनी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिक बच्ची को कोई बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है रिपोर्ट पर अपराध संख्या 457/2024 धारा 137(2) बी.एन.एस कायम कर विवेचना में लिया गया, दौरान विवेचना 4- 5 माह से पता न चल पाने के कारण अपहृता एवं अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा दस हजार रूपये का इनाम उद्घोषणा भी की गयी थी। पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान के मार्गदर्शन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी ,एसडीओपी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में थाना कोतमा प्रभारी सुन्द्रेश सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर अपहृता को जिला सूरत गुजरात से दस्तयाब परिवारजन को सुपुर्द किया गया, मामले में धारा 87, 64(2)ड बी.एन.एस एवं 5(L)/6 पाक्सो एक्ट का इजाफा कर आरोपी प्रकाश कुमार कुशवाहा पिता डेम चन्द्र कुशवाहा निवासी बहेराबांध थाना बिजुरी जिला अनूपपुर को सूरत गुजरात से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. सुन्द्रेश सिंह, सउनि बृजेश कुमार पाण्डेय, प्र.आर. संजीव त्रिपाठी, महिला आर.पिंकी प्रजापति एवं स.उ.नि.शिवानन्द शुक्ला (रीडर), साइबर सेल प्र.आर. राजेन्द्र अहिरवार, पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विद्यालय संचालन के समय परिवर्तन के साथ बिजली, पानी और टंडी हवा की व्यवस्था हेतु सौंपा ज्ञापन



**अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी के प्रदेश सचिव विवेक सरावगी द्वारा अनूपपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करते हुए मांग की है कि आज अप्रैल माह के शुरुआती दिनों में ही पड़ रही चिलचिलाती धूप के कारण अत्यधिक गर्मी तथा हीट वेव से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को निर्धारित विद्यालयीन समय में तेज धूप तथा लू लगने से बीमार पड़ने का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए स्कूली बच्चों को इस प्रकार की भीषण गर्मी से बचाने के लिए बहुत ही जरूरी है, जिससे कि बच्चों में शारीरिक थकान, मानसिक तनाव, एकाग्रता की कमी, नींद की कमी, भावनात्मक तथा शारीरिक समस्याओं के साथ ही उनके अंदर शिक्षा की गुणवत्ता में कमी ना आए। वही यह भी देखा गया है कि गर्मी के कारण अधिकांशतः विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम है, साथ ही ऐसे कई विद्यालय है जहां पर बच्चों के लिए बिजली नहीं होने से ठंडी हवा तथा वाटर कूलर नहीं होने से ठंडे पानी की भी सुविधाएं भी नहीं है। यही कारण है कि उक्त समस्त समस्याओं के मद्देनजर भगवा पार्टी के प्रदेश सचिव विवेक सरावगी द्वारा अनूपपुर जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली से मांग की गई है कि जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों का संचालन समय प्रातःकाल किया जाए तथा प्रत्येक विद्यालय में ठंडी हवा के लिए बिजली और ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था भी की जाए।

## बिजली के तार की चपेट में आने से गेहूं की फसल ट्रैक्टर सहित जलकर राख, आग लगने से लाखों की क्षति



डिंडौरी। गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गीधा निवासी किसान आनंद सिंहए पिता जागु सिंहए सोमवार को अपनी गेहूं की फसल ट्रैक्टर ट्रॉली में लादकर बुदगांव रैयत से अपने गांव ला रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ट्रॉली अचानक झूलते हुए बिजली के तार की चपेट में आ गई। तार से निकली चिंगारी ने पल भर में ट्रॉली में आग लगा दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी भीषण थी कि जब तक फायर ब्रिगेड को सूचना दी जाती और वह मौके पर पहुंचतीए तब तक पूरा ट्रैक्टर ट्रॉली और उसमें लदी गेहूं की फसल जलकर खाक हो चुकी थी। ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गयाए लेकिन सफलता नहीं मिली।इस घटना में किसान को लाखों रुपये की क्षति हुई है। पीड़ित किसान ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि झूलते बिजली के तार पहले से खतरे का संकेत दे रहे थेए लेकिन विभाग की अनदेखी के कारण यह हादसा हुआ।

## शासकीय जिला चिकित्सालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस का किया गया आयोजन



**डिंडौरी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण रमेश सिंह मरावी एवं सिविल सर्जन डॉ अजय राज के निर्देशन पर जिला चिकित्सालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जन समुदाय को स्वस्थ्य रहने के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहेए निरोगी काया अभियान में अपना निरंतर हेल्थ चैकअप करवाने के सुझाव दिए। उक्त जांच शासन के द्वारा निःशुल्क है जिसमें बी पीए शुगरए ब्लडए एवं गैर संचारी व असंचारी बीमारियों से बचने के लिए रूटीन हेल्थ चैकअप प्रत्येक वर्ग के लोगों के लिए जरूरी है। इसी प्रकार टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 500 डे अभियान चलाया जा रहा है जिसमें टी बी मुक्त मरीज एवं सस्पेक्टेड व्यक्ति भी अपना जांच कराकर निःशुल्क उपचार करा सकते हैं। इसके साथ किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कुल जनसंख्या का 22 प्रतिशत किशोर किशोरियों के लिए होने वाले शारीरिकए मानसिकए सामाजिक एवं भावनात्मक बदलावों को लेकर होने वाली समस्याएं के लिए लिए शासन द्वारा जिला चिकित्सालय एवं समस्त सामुदायिक केंद्रों में उमंग स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया गया हैए जिसमें उनके स्वास्थ्य से जुड़ी हर समस्याओं का समाधान परामर्श सेवाएं व क्लीनिकल सेवाएं निःशुल्क दिया जाता है एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत समस्त किशोर किशोरियों को मंगलार को आयरन फोलिक एसिड की दवाएं खिलाएं जाते है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शासन द्वारा जन्म जात विकृति के बच्चों ;दिल में छेदए बहरापनए गूंगापनए कटे फटे हॉट तालूए क्लब फूट मोतियाबिंदए न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट हर्निया डाउनसिंड्रम आदिद्ध को मोबाईल हेल्थ टीम द्वारा चिन्हांकित कर उनका निःशुल्क उपचार भारत के चिन्हांकित शासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में सर्जरी कराया जाता है जिसका समस्त व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है।

जिला प्रशासन द्वारा आह्वाहन किया है कि एनसीए पीएनसी की जांच शासकीय नजदीकी अस्पताल में ही कराएए संस्थागत प्रसव अस्पताल में कराएए आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाएंए अपना आयुष्मान कार्ड बनवाए जिसमें 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज़ है इसके अलावा शासन की अन्य योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जय मरावीए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंकिता पटेलए जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ राजकुमार डोंगरेए जिला छय अधिकारी डॉ मनोज उरैतीए जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी राजेश मरावीए जिला समन्वयक ओम प्रकाश उरैतीए हॉस्पिटल प्रबंधक योगेंद्र उइकेए राजकुमार साहूए नविता पटेलए पूनम सिंह सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन बजट की ली समीक्षा बैठक

डिंडौरी।



सोमवार को कलेक्टेट सभागार में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन बजट समीक्षा बैठक ली गईए जिसमें वित्तीय वर्ष 2024.25 के लिए विभिन्न योजनाओं और मदों पर चर्चा की गई। बैठक में कुल 8ए77ए77ए200 रुपये का प्रस्तावित बजट प्रस्तुत किया गया। बैठक में मनरेगाए महिला सशक्तिकरणए कृषि आधारित आजीविकाए गैर.कृषि कार्योंए वित्तीय समावेशन और पोषण संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। सबसे अधिक बजट लखपति दीदी योजना के लिए प्रस्तावित किया गया हैए जिसकी राशि 58ण्66 लाख रुपये है। इसके साथ ही आगामी वर्ष 2025.26 के लिए लगभग 8 करोड़ रुपये के बजट अनुमान की भी जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कहा कि जिले में आजीविका मिशन के अंतर्गत चल रही सभी योजनाओं की समयबद्ध एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए एंव उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ज़मीनी स्तर पर योजनाओं की मॉनिटरिंग बढ़ाएं और लाभार्थियों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाएं। जिले में गठित 678 स्व.सहायता समूह के खाताए गतिविधियाँए इनके कार्यक्रम एवं समूह की दीदीयों की 8 अप्रैल 2025 को बैठक करने के निर्देश दिए। उक्त बैठक में परियोजना प्रबंधक जेठू सिंह पट्टाए विकासखंड प्रबंधकए सहायक विकासखंड प्रबंधकए जिला प्रबंधक श्रीमती निशा पडवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक ली। बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर श्री सुनील शुक्लाए सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौरए एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्माए एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावीए एसडीएम बजाग श्री वैद्यनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने आयोजित बैठक में मानव अधिकार आयोग के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने एडीएम श्री सुनील शुक्ला को मानव अधिकार आयोग पर लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करने एंव न्यायलय मे लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए जिले के समस्त तहसीलदारों को चरनोई भूमि पर किए गये अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। राजस्व वसूली सहित अन्य राजस्व विषयों के लंबित प्रकरणों को त्वरित निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित प्रकरणों के कारणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुएए शेष लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिले में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए पेयजल समस्याग्रस्त ग्रामों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चल रहे विभागीय गतिविधियोंए अभियानोंए सीएम हेल्पलाईन एवं समय.सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों को संतुष्टि के साथ निराकरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सहायक अधीक्षक राजकुमार झारिया के द्वारा अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में नजूल अधिकारी ने बताया कि हबीब उर रहमान से राजस्व वसूली राशि 1059561 रूपएए अनिल डोंगर से राशि 1824041 रूपएए चित्रा सेंगर से 1078195 रूपएए फहमिदा खान से 948104 रूपएए सावित्री मरावी से 1289574 रूपएए नजीमा सैलानी से 375749 रूपए को आवासीय पट्टा के लिए इनके द्वारा कलेक्टर डिंडौरी के माध्यम से न्यायालय में आवेदन किया गया था जिसके परिपालन में धारणाधिकार के तहत प्रीमियम एवं भू.भारक जमा करने के उपरांत पट्टा दिया जाएगा। बार.बार सूचना के उपरांत राशि नहीं जमा की जा रही है जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी को कुर्की नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## जनपद अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप, 11 सदस्यों ने बैठक का किया बहिष्कार न्यायालय जाने की चेतावनी

**शहपुरा ;डिण्डौरी।** जनपद पंचायत शहपुरा में एक बार फिर जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मो के खिलाफ आवाजें बुलंद होने लगी हैं। जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल सहित 11 जनपद सदस्यों ने जनपद अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाते हुए आगामी 9 अप्रैल को प्रस्तावित सामान्य सभा की बैठक का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है।जनपद उपाध्यक्ष और अन्य सदस्यों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बीण्पीण्डीण्पीण ;ब्लॉक स्तरीय वार्षिक कार्य योजनाद्ध के लिए पूर्व में 29 मार्च 2025 को आयोजित बैठक में विधिवत रूप से 15 सदस्यों की उपस्थिति में कार्य योजना पारित कर दी गई थी। इसके बावजूदए मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय द्वारा 2 अप्रैल को एक नया सूचना पत्र जारी कर 9 अप्रैल को पुनः वही एजेंडा लेकर बैठक बुलाना पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 45 का उल्लंघन है।धारा 45 के अनुसारए जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठकें समय.समय पर नियमानुसार आहूत की जाती हैं और उनके लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन अनिवार्य है।

**यदि एक बार किसी प्रस्ताव को विधिवत रूप से पारित कर दिया गया होए तो उसे पुनः बिना वैधानिक कारणों के संशोधित या दोहराया नहीं जा सकता।**

इस धारा का उद्देश्य पारदर्शिता बनाए रखना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में अनावश्यक हस्तक्षेप से बचाव करना है।सदस्यों का आरोप है कि पुनः बैठक बुलाकर पहले से पारित कार्ययोजना में फेरबदल करने का प्रयास इस धारा का उल्लंघन है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि बैठक दोबारा बुलाने की मंशा जनपद अध्यक्ष के निजी हितों से जुड़ी हुई है। सदस्यों ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष प्रियंका आर्मो पूर्व में भी पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए सदस्यों के साथ अपमानजनक व्यवहार करती रही हैं। इससे पहले उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया जा चुका हैए जिसमें 17 में से 11 सदस्यों ने उनके खिलाफ मतदान किया था।



अन्य सदस्यों ने चेतावनी दी है कि यदि पूर्व में पारित कार्य योजना में किसी प्रकार का फेरबदल किया जाता है या उनकी मांगों की अनदेखी की जाती हैए तो वे न्यायालय की शरण लेने को मजबूर होंगे।यह पूरा घटनाक्रम जनपद पंचायत शहपुरा में प्रशासनिक अनियमितताओं और आंतरिक मतभेदों को उजागर करता है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस स्थिति पर क्या रुख अपनाता है और मामले में किस तरह की कार्रवाई होती है।दूसरी ओर जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ने लगाए इन आरोपों को निराधार बयाए हैजनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ने जनपद के अधिकारियो के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा की बिना जनपद अध्यक्ष के कैसे ब्लॉक स्तरीय कार्यों का अनुमोदन किया जा सकता हैण्ण्वहीं जनपद अध्यक्ष ने कहा की इस पूरे मामले की शिकायत पूर्व में मेरे द्वारा कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ से किया गया हैएआपको बता दे की 11 जनपद सदस्य ने जनपद अध्यक्ष के खिलाफ मनमानी का आरोप लगाते हुए सामान्य सभा के बैठक का बहिष्कार करने का ऐलान किया है जिसके बाद जनपद अध्यक्ष मीडिया के सामने आकर अपने प्रतिक्रिया दी है।



### इनका कहना है

जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल ने कहा कि पूर्व बैठक में अनुमोदित एजेंडा को दोबारा चर्चा में लाना पूरी तरह से विधि विरुद्ध है और इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**जितेन्द्र चंदेल ;**
जनपद उपाध्यक्षद्ध जनपद पंचायत शहपुरा

## महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। उक्त बैठक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री श्याम सिंगौर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने आंगनवाड़ी केंद्रों की नियमित निगरानीए पोषण ट्रैकिंगए बाल विकास योजनाओं की प्रभावशीलता एवं महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रमों की सघन समीक्षा की। उन्होंने जिले के समस्त विकासखंडों में संचालित आंगनवाडी केन्द्रों में नाश्ता एवं भोजन वितरण की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि नाश्ता वितरण का औसत प्रतिशत 61 एवं भोजन वितरण का औसत प्रतिशत 88 है। साथ ही लाडली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित हितग्राहियों का औसत 86 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत कुल 63ण्33 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने 31 जनवरी 2025 तक समस्त कुपोषित बच्चों की जानकारी लीए जिसमें बताया गया कि कुल सेम बच्चों की संख्या 278 है। जिसमें से पोषण की स्थिति से सुधार में सामान्य 170ए मेम 67 और सेम बच्चों की संख्या 41 है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है और इसके लिए विभागीय समन्वय व सतत मॉनिटरिंग बेहद जरूरी है। बैठक में कई महत्त्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त हुए जिन्हें आगामी कार्ययोजना में शामिल किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों से फील्ड विजिट बढ़ाने और जमीनी स्तर पर योजनाओं की स्थिति का मूल्यांकन करने पर जोर दिया।

## अमरकंटक में बंजारा महासभा द्वारा समाज की विशाल आम सभा संपन्न

### बंजारा समाज ने कई महत्वपूर्ण मांगे सरकार के सामने रखी, निदान की मांग

अमरकंटक।

चैत्र शुक्ल पक्ष तिथि दशमी दिन सोमवार को पवित्र नगरी अमरकंटक में विश्व बंजारा दिवस के पावन अवसर पर बंजारा महासभा अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर द्वारा नाका स्थित सामुदायिक भवन में आज बंजारा दिवस के पावन अवसर पर पारंपरिक ढंग से कार्यक्रम आयोजित कर समाज का कार्यक्रम गौरवपूर्ण ढंग से हर्ष उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। बंजारा दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत नर्मदा संत रेवा नायक महाराज एवं सेवालाल महाराज के छायाचित्र पर पुष्पहार अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित शुभारंभ किया गया। विश्व बंजारा समाज के विशाल आम सभा की अध्यक्षता समाज के युवा एवं जागरूक नेता ईश्वर सिंह नायक ने की।

विशाल महासभा में विभिन्न वक्ताओं ने समाज के बारे में अपने-अपने विचार सुझाव रखें। इस अवसर पर एक पंक्ति का प्रस्ताव जो प्रमुख रूप से सामने आया उसमें बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति के रूप में शामिल करने की मांग रखा उक्त प्रस्ताव पर सर्व सम्मत से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि समाज की मंशा से शासन को अवगत कराया जाए। आम सभा में लगभग सभी वक्ताओं ने कहा कि बंजारा समाज को अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग जातियों एवं समाज में दर्जा दिया गया है इससे समाज की एकरूपता नहीं हो पा रही। मध्य प्रदेश में बंजारा समाज को घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जाति की श्रेणी में दर्जा दिया गया है फलस्वरूप हमें इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाता है जाति प्रमाण पत्र बनवाने जाने पर हमारे लड़के लड़कियों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जाता इस कारण हमारे लड़का लड़की विद्यालयों में प्रवेश पाने से वंचित रह जाते हैं तथा शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। शासन प्रशासन हमारी इस दशा को समझता नहीं है यहां वहां घूमते रह जाते हैं सिवा परेशानी के कुछ नहीं मिलता। शासन में बैठे लोगों को अब समझना होगा की बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल किया जाए।

बंजारा समाज के नेता ईश्वर नायक ने कहा कि बंजारा समाज को पवित्र नगरी अमरकंटक में 10 एकड़ की भूमि दी जाए ताकि हमारा समाज उक्त भूमि पर पारंपरिक सामाजिक पेड़ पौधे लगा सके उनमें बेल गूलर आम हर्रा बहेड़ा आंवला नीम पीपल जैसे पेड़ लगा सके और अमरकंटक को हरा भरा कर सके हमारा समाज इसी का व्यापार करता रहा अमरकंटक का पर्यावरण शुद्ध रहे पवित्र रहे हमारा समाज धर्म की समाज की रक्षा करता रहा है हमारी कुलदेवी मां नर्मदा है नर्मदा के प्रथम भक्त संत रेवा नायक रहे हम उन्हीं के आदर्शों पर बताएं




मार्ग पर चल रहे हैं। मां नर्मदा बंजारन देवी है। बंजारा समाज शुरू से वन उपज का व्यापार करता रहा है समाज सनातन धर्म का प्रवाहक है तथा हिंदू धर्म की रक्षा करता आया है बंजारा समाज के लोगों का योगदान स्वतंत्रता संग्राम में भी रहा है लाखा बंजारा कौन नहीं जानता उनके योगदान को सभी जानते हैं। उन्होंने आगे कहा कि बंजारा समाज में अनेकों निर्माण कार्य किए हैं वह आज ऐतिहासिक इमारत है बंजारा समाज को राष्ट्र के मुख्य धारा में जोड़े जाने हेतु सभी को एक कर अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल किया जाए हमारा धर्म संस्कृति परंपरा सब मां नर्मदा जी से जुड़ी हुई है। पतित पावनी मां नर्मदा हमारे समाज की कुलदेवी है आराध्या है हमारे तन मन में मस्तिष्क में दिल में विराजती है उनका आशीर्वाद हमें मिला है। विश्व बंजारा दिवस के पावन अवसर पर सामुदायिक भवन नाका से नर्मदा मंदिर तक विशाल रैली बंजारा समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में नाचते गाते जयकारा लगाते हुए मुख मार्गो से होकर निकले इसमें लगभग 1 हजार से भी अधिक पुरुष महिलाएं युवक युवती हाथों में पोस्ट बैनर लेकर चले इस दौरान सभी लोग संत रेवा नायक तथा संत सेवालाल जयकारा लगाते रहे। नर्मदा मंदिर में पूजन अर्चन कर महा आरती एवं सभी ने दीप प्रज्वलित किया। विश्व बंजारा दिवस के पावन अवसर पर मां नर्मदा जी को कल ही भोग का प्रसाद चढ़ाया गया तथा सभी दूरस्थ अंचलों से आए बंजारा समाज के महिला पुरुष युवक की युवक युवती को भोजन कराया गया।

## जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

### ई-ऑफिस की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश,कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सम्पन्न

नरसिंहपुर। जिले में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खेत तालाब, कुएं, चैक डेम, स्टॉप डेम, तालाबों का गहरीकण, पिचिंग, पौधरोपण आदि कार्य युद्धस्तर पर शुरू किए जाए ताकि वर्षा जल संग्रहण हो और वर्ष भर पर्याप्त पानी की उपलब्धता रहे। उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा की बैठक में दिये। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सोमवार को आयोजित की गई।

**जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य**

अभियान में अधिकाधिक सहभागिता के लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर कार्ययोजना तैयार हो। विशेष तौर पर जिले में जिन बावड़ियों, जल स्त्रोतों, जल संरचनाओं आदि की सफाई और गहरीकरण, डी सिल्टिंग होनी है, इन्हें चिन्हित कर काम शुरू करें। यह जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि जिले में ई- ऑफिस की तैयारी अब अंतिम चरण में है। अतः जो विभाग प्रमुख, अधीनस्थ अधिकारी और जिन विभागों ने ई-ऑफिस की प्रक्रिया को अब तक पूरा नहीं किया है वे इसे पूर्ण करा लें। सभी विभाग प्रमुख नस्तियों की स्कैनिंग, कर्मचारियों का डेटा, ई-मेल आईडी व ई-साइन की प्रक्रिया शुरू करें। शासन की प्राथमिकताओं में से एक है।



**योजना का सभी को मिले लाभ**

बैठक में कलेक्टर ने जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन की जानकारी ली। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती अंजना त्रिपाठी ने बताया कि नगरपरिषद गाडरवारा में 25 अप्रैल एवं करेली में 30 अप्रैल और जनपद पंचायत गोटेगांव में 11 मई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सामूहिक विवाह सम्मेलन की समुचित तैयारी करने और इसका व्यापक प्रचार- प्रसार करने के निर्देश दिये ताकि इसमें पंजीयन करवा सकें।

**सीएम हेल्पलाइन को लेकर दिए निर्देश**

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की वर्तमान स्थिति और समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समय सीमा में आने वाले पत्रों और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण तत्परता से किया जाये। सीएम हेल्पलाइन में एल- 1 में शिकायत अनअटेंड नहीं होना चाहिये। शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद ही शिकायत को बंद किया जाये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे।



## कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन कर सीएम का जलाया पुतला

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में स्थानीय सुभाष पार्क चौराहे पर मध्य प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि परिवहन घोटाले के सरगना सौरभ शर्मा की जमानत के विरोध में नरसिंहपुर के सुभाष पार्क चौराहे पर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष की उपस्थिति में मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, भगवत सिंह जाट बड्डू भइया, चंद्र प्रकाश यादव अस्सु नेमा, बॉबी खान ,आशीष राजवेद, जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रफीक नूरानी जग्गी सोनी, रिंपी लंबा, मदन महाराज राजा ठाकुर ,देवेंद्र शुक्ला, धनीराम पटेल, छोटू त्रिवेदी, मुंडे महाराज ,मिलिंद मनोहर साहू, सोहन रैकवार, सुरेश ठाकुर देवेंद्र प्रजापति, संजय तिवारी, महेंद्र पटेल विनोद यादव आजाद खान रितेश नामदेव अम्मू खान बबलू अख्तर राजा यासीन मनचला, संजय राजपूत राजीव मसीह, गोपाल महाराज, संदीप मुदलियार, तूफान सिंह महोबिया, पप्पू दुबे अन्य कार्यकर्ताओं के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित गोलू राय उपस्थित रहे।

## घर से लाखों रूपये के जेवर ले उड़े चोर

नरसिंहपुर



बीती रात सूने घर में चोरों ने धावा बोला और लाखों रूपये के सोने व चांदी के जेवर सहित नकदी ले उड़े। मिली जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल दरमियानी रात गयादत्त वार्ड सिद्धेश्वर कॉलोनी निवासी राजकुमार गुप्ता के घर पर चोरों ने धावा बोला और 20 तोला सोने के जेबर व कुछ चोदी के जेवर सहित लगभग 20 हाजर से अधिक नकदी ल गेय । पीड़ति द्वारा थाना स्टेशनगंज मे अज्ञात चोरों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कराया गया। बताया गया कि अष्टमी पूजन के लिए परिवार के सभी लोग मुंगवानी गए हुए थे तभी चोरों द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन




**नरसिंहपुर।** सोमवार को विश्व स्वस्थ दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में जिला चिकित्सालय से पधारे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ वीरेंद्र पटेल, डॉ सुभाष नागवंशी आयुष विभाग, डॉ देवेंद्र सिंह रिपुदमन, डॉ धनंजय पटेल की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ वीरेंद्र पटेल वरिष्ठ चिकित्सक जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर ने शुगर, हार्ट एवं वीपी से जैसी बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक उपाय बताए तथा जीवन शैली में आवश्यक परिवर्तन हेतु बताया गया। डॉक्टर सुभाष नागवंशी आयुष विभाग जिला चिकित्सालय ने स्वस्थ रहने के लिए संतुलित खान पान का सुझाव दिया। डॉ देवेंद्र सिंह रिपुदमन ने बीमारी से पहले ही बीमारी के लक्षण पहचान कर रोकथाम की बात की इसके लिए समय समय पर आवश्यक टेस्ट करने की सलाह दी साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। आपने उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य जी एस पटेल के आग्रह पर मंडल परीक्षा में संलग्न शिक्षकों का उत्कृष्ट विद्यालय में ही शिविर लगा कर आवश्यक टेस्ट करने का आश्वाशन दिया। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ धनंजय सिंह पटेल ने स्वस्थ रहने के लिए समय समय पर चिकित्सक की सलाह अनुसार व्यायाम करने की सलाह दी। कार्यक्रम में एस के पाल प्राचार्य ,एस के नेमा प्राचार्य , आर के श्रीवास्तव प्राचार्य ,जी पी बड़कुर प्राचार्य, श्रीमती आभा दुबे प्राचार्य तथा मूल्यांकन कार्य में संलग्न शिक्षक उपस्थित रहे। प्राचार्य जी एस पटेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान

नरसिंहपुर



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जल स्त्रोतों और नदियों की साफ- सफाई निरंतर की जा रही है। इसके अलावा जिले के विभिन्न तालाबों का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। इस अभियान में लोगों को जोड़कर जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड चांवरपाठा की नवांकुर संस्था बंधा, नर्मदा सेवा समिति सासबहू, बरमान और स्थानीय लोगों की सहभागिता से बरमान मेला स्थल ब्रह्माण घाट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। परिसर की साफ- सफाई कर जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई गई। एकत्रित कचरे का निपटान समुचित स्थान पर किया गया। इस दौरान नर्मदा नदी में स्नान करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को कचरे को यहां- वहां नहीं भेकने, जल की निर्मलता बनाये रखने और जल का सदुपयोग करने की समझाइश दी गई। उन्हें जल गंगा संवर्धन अभियान में जोड़ने के लिए प्रेरित भी किया गया। यह स्वच्छता अभियान जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक धर्मेन्द्र चौहान, नर्मदा सेवा समिति सास बहू, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरमान, नवांकुर संस्था बंधा और अन्य ग्रामीण जन मौजूद थे।

## मध्य प्रदेश के घर-घर तक पहुँच रही राम-राज्य



**नरसिंहपुर।** राम नवमी के अवसर पर नो फिकर संस्था द्वारा निर्मित शॉर्ट फिल्म राम राज्य जन सामान्य के मध्य चर्चा का विषय बनी हुई है, यह एक ऐसी शॉर्ट फिल्म बनकर उभरी है जिसे परिवार के साथ देखा जा सकता है, महज दो दिन में लाखों व्यूज प्राप्त करने वाली राम राज्य को दर्शकों द्वारा घरों से लेकर दुकानों पर उत्साह के साथ देखा जा रहा हैं वहीं राम राज्य में दिखाए गए राजनीतिक विषयों पर चर्चा भी कर रहे हैं, बात करें फिल्म में दिखाए गए विषयों की तो राम राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, दल बदल, जातिवाद, अवैध शराब, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, किसानों की समस्या, में भ्रष्टाचार, हेलमेट का महत्व, गौ रक्षा, अतिथि शिक्षक, हिंदू-मुस्लिम जैसे गंभीर विषयों पर तीखा प्रहार किया गया है, राम राज्य शॉर्ट फिल्म में सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष के भ्रष्टाचारों पर व्यंगात्मक रूप से कटाक्ष किया गया है, जिसको लेकर कॉमेंट और शेयर के रूप में दर्शकों की साकारामक प्रतिक्रिया भी साफ नजर आ रही है। वहीं बता दें इस 44 मिनट की शॉर्ट फिल्म में मध्य प्रदेश के 14 जिले के 25 कलाकारों ने अभिनय किया है, वहीं राम राज्य के निर्माता एवं निर्देशक अभिनव मुखुटी ने बताया कि जनता की प्रतिक्रिया देख कर खुशी हुई की फूहड़ता और अश्लीलता के दौर में जनता सार्थक विषयों पर बनी फिल्म को भी देखना पसंद करती है।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 42 लोगों को हुआ परीक्षण



**नरसिंहपुर।** रेलवे स्टेशन पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेलवे चिकित्सक डॉ. आर. आर. कुर्रे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 42 रेलवे कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें बीपी, शुगर, आंख, कान की जांच के साथ बीएमआई, हाइट और वजन की जांच भी शामिल थी। कर्मचारियों को आवश्यक चिकित्सा सलाह दी गई। कार्यक्रम में रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ उनके परिवार के सदस्यों को भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को फूल-पौधों की मदद से स्वस्थ जीवन जीने के टिप्स दिए गए। ट्रेन यात्रियों को अनाउंसमेंट के जरिए योग, व्यायाम और संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी गई। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का मुख्य फोकस मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर रहा। डॉ. कुर्रे ने बताया। कि हर साल करीब 3 लाख महिलाएं गर्भावस्था या प्रसव के दौरान जान गंवा देती हैं। साथ ही 2 मिलियन शिशु जन्म के पहले महीने में मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने, महिला स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और गर्भावस्था संबंधी जानकारी देने पर जोर दिया गया। 2030 तक इन आंकड़ों में कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य, जोखिम भरी गर्भावस्था, गैर-संचारी रोग और परिवार नियोजन को प्राथमिकता दी गई है।

## जगह जगह की गई जवारे कलश की स्थापना



### अब विसर्जन का दौर शुरू

**तेंदूखेड़ा** – नौ दिनों तक चले शक्ति साधना के महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया।नगर के प्रतिष्ठित देवालयों चौंतरों तथा श्रद्धालुओं ने अपने अपने घरों में जवारे कलश की स्थापना की गई थी। प्रतिदिन संगीतमय आरतियों भगतों देवी जसों के चलते झूम झूम कर आरती गाते हुए नजर आए संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा।श्रद्धालु जन सुबह से ही माता रानी की पूजन अर्चन करने माता रानी के दरबारों में पहुंचे ।ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह जगह जवारे कलश की स्थापना की गई है। तथा कथा प्रवचन चल रहे धार्मिक आयोजनों के चलते संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। वहीं कन्या भोज भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है।जवारे कलश की नौ दिनों तक सेवा के उपरांत अब विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया है जो पूर्णिमा तक चलेगा। श्रद्धालु बड़े बड़े बाना पहनकर झूमते नाचते जनाकर्षण का केंद्र बनें हुए हैं। नगर की खेरापति मंदिरों में पहुंच कर विसर्जन किया जा रहा है।

## जनजातीय नायकों पर केन्द्रित एक दिवसीय व्याख्यान माला

तेंदूखेड़ा

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ऐतिहासिक सामाजिक आध्यात्मिक क्षेत्र में जनजातीय वर्ग के योगदान को लेकर छात्रों को बोध कराने की मंशा से व्याख्यान आयोजित किये जा रहे हैं।इसी श्रंखला के चलते शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के महान क्रांतिकारी अमर शहीद डेलनशाह नरवर शाह के वंशज रामकुमार ठाकुर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए स्वतन्त्रता संग्राम में भाग लेने वाले क्रांतिकारियों गोंडवाना राज्य बुन्देला विद्रोह 1857 की क्रांति एवं प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में विस्तृत रूप से अपने विचार रखे।इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अपर्णा चौबे ने जनजाति समाज द्वारा किए गए संघर्ष और बलिदान के बारे में बताया। इस अवसर पर RRR फिल्म का कोमुरात भीमड़ो गीत का वीडियो दिखाया गया एवं स्वतन्त्रता संग्राम में जनजाति नायकों का योगदान पर आधारित प्रदर्शिनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन जनजाति गौरव विकास प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. आदर्श चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मनीषा वर्मा द्वारा आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निगरानी समिति की बैठक का समय परिवर्तित

नरसिंहपुर

सांसद चौ. दर्शन सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति- दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 8 व 9 अप्रैल को आयोजित की जायेगी। यह बैठक अब 8 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे से और 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे से आयोजित की जायेगी।

### खबर संक्षेप

## कैम्पस ड्राइव का आयोजन कल

**नरसिंहपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नरसिंहपुर में कैम्पस ड्राइव का आयोजन 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे से किया जायेगा। इस कैम्पस ड्राइव में विक्टर ऑटो प्रा. लिमिटेड कंपनी के द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जायेगी। कैम्पस ड्राइव में शामिल होने के लिए आवेदक के पास आईटीआई में सभी इंजीनियरिंग ट्रेड, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में मेकेनिकल, इलेक्ट्रीकल्स इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग में बीई बीटेक, मेकेनिकल और इलेक्ट्रीकल्स इलेक्ट्रॉनिक्स में उत्तीण होना जरूरी है। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष तक होनी चाहिये। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नरसिंहपुर ने बताया कि इच्छुक आवेदक निर्धारित दिनांक व समय पर अपना बायोडाटा एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। भर्ती के लिए कंपनी के द्वारा नियम एवं शर्तें लागू होंगी। मेले में सम्मिलित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

## नही रहे चंद्र कुमार शर्मा

**नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर के प्रतिष्ठित शर्मा परिवार के वरिष्ठ नागरिक चंद्रकुमार शर्मा का अस्वस्थता के चलते निधन है। आप भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा व अमन शर्मा के पिताजी थे तथा सुनील शर्मा, अजय शर्मा के अग्रज थे। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

## नर्मदा नदी में डूबने से बालक की मौत

**नरसिंहपुर।** सोमवार को नर्मदा नदी के बरमान घाट पर नहाते समय डूबने से बच्चे की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रोसरा थाना स्टेशन गंज निवासी परिवार नर्मदा स्नान के लिए गया हुआ था तभी 13 वर्ष के बालक समीर नौरिया की डूबने से मौत हो गई। समीर शांति नगर रोसरा, थाना स्टेशन गंज का रहने वाला था। समीर के जीजा प्रिंस कुमार के अनुसार, वे सभी पूजा के लिए बरमान आए थे। स्नान करते समय समीर अचानक पानी में डूब गया। जब वह दिखाई नहीं दिया, तो उसकी तलाश शुरू की गई। पानी से बाहर निकालने पर उसकी सांसें चल रही थीं। स्थानीय लोगों की सलाह पर समीर को तुरंत बरमान के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने उसे नरसिंहपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव का मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम कौडिया में घर के रसोई में भोजन बना रही महिला को सर्प ने डस लिया, जिससे महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार बरघाट थाना के ग्राम कौडिया निवासी श्रीमती सुरेखा पति ध्यानसिंह मर्सकोले 38 वर्ष रविवार की सुबह अपने घर के रसोई में भोजन बना रही थी, तभी उसे रसोई में घुस आये जहरीले सर्प ने काट लिया, जिससे वह मूर्छित हो गई। घटना के बाद महिला को बरघाट स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति के चलते उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतिका के शव का पंचनामा बना पोस्ट मार्डम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## फांसी के फंदे में झूली विवाहिता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर मुख्यालय के शास्त्री वार्ड निवासी एक 35 वर्षीय विवाहिता के द्वारा अज्ञाात कारणों के चलते फांसी के फंदे में झूलकर आपना जीवन समाप्त कर लिया गया। मिली जानकारी अनुसार सिवनी नगर के शास्त्री वार्ड निवासी श्रीमती शोभा पति ललित शर्मा 35 वर्ष अपनी मां के साथ निवास करती है, उसकी शादी भोपाल में हुई है।